# DEPARTMENT OF LAW

**Events :-**

**National Seminar on 14 & 15 February 2020 on the Topic "Human Rights : Position and Analysis."**







## Social Activities by Law Students















## Online Webinar on International Women's Day (8 March 2022)






हरिभूमि

रायपुर - इस्पात ग्रामीण
9 Mar 2022

### घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में महिला अधिकारों की दी गई जानकारी

बालोद। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधि के द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला रखी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका डॉक्टर रिचा सक्सेना थीं, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जेके खलखो ने की। कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग की सहायक प्राध्यापिका स्वाति वैष्णव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर राघवेश पाण्डेय के स्वागत भाषण से हुआ। मुख्य वक्ता डॉक्टर रिचा सक्सेना ने महिला अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने अपने व्याख्यान में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम एवं घरेलू हिंसा अधिनियम, न्यायिक निर्णयों का विशेष रूप से उल्लेख किया। आभार प्रदर्शन अतिथि प्राध्यापक पूनमचंद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर डीआर वैद्य, प्रोफेसर सीडी मानिकपुरी, आईक्यूएसी प्रभारी दीपाली राव, एलके गवेल, जीएन खरे, योगिता ठाकुर, जसराम नायक, शहनाज बेगम एवं विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## A training program organised by Legal Services Authority of Balod District for Law students on the date : 04/05/2022






## Seminar Presentation by LL.B. Students





## Organised Moot Court for LL.B. Final year students






# विधि संकाय के छात्र-छात्राओं को मूट कोर्ट के बारे में बताया


लीड कॉलेज में मूट कोर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**बालोद @ पत्रिका.** विधि विभाग में मूट कोर्ट कार्यक्रम का आयोजन लीड कॉलेज में विधि संकाय के छात्रों के लिए किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद के अधिवक्ता धीरज उपाध्याय मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य जेके खलखो ने की। विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ राघवेश पांडेय मूट कोर्ट के बारे में प्रकाश डाला और मूट कोर्ट के नियमों को बताया। सभी छात्र-छात्राओं ने दिए गए समस्या पर पक्ष एवं विपक्ष में अपना तर्क प्रस्तुत किया। एडवोकेट धीरज उपाध्याय ने छात्रों को अपने अनुभव बताए। बेस्ट मूटर में प्रथम राकेश जैन, द्वितीय मनीष शर्मा एवं तृतीय बरखा रही। इस अवसर पर विभाग की प्राध्यापिका स्वाति वैष्णव एवं अतिथि व्याख्याता पूनम चंद गुप्ता उपस्थित थीं।




## Visited Chhattisgarh Assembly Budget Session in 2017-18



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
दूरभाष क्रमांक-07749-222076 ई-मेल- govtcollbalod@rediffmail.com

क्रमांक – 1450 /विधि/ 2017, बालोद,दिनांक–03 /01/2017

प्रति,

प्रमुख सचिव,
छ.ग. विधान सभा,
सचिवालय, रायपुर (छ.ग.)

विशय :– विधि के छात्रों द्वारा ~~सत्र~~ बजट सत्र का अवलोकन बाबत्।

==00==

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत विदित हो कि इस महाविद्यालय के 49 छात्र तथा 04 शिक्षकों का समूह शैक्षणिक उददेश्य से विधानसभा के बजट सत्र का अवलोकन 01/03/2017 को करना चाहते है, अतः आपसे अनुरोध है कि अनुमति देने की कृपा करें।

दिनांक –
संलग्न – सूची

(डॉ. राघवेश पाण्डेय)
विभागाध्यक्ष विधि
शासकीय महाविद्यालय बालोद
M. 7587787254

(डॉ.एम.आई.मेमन)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बालोद

4/1/2017



## Constitution Day Celebration





हरिभूमि

रायपुर - इस्पात ग्रामीण

29 Nov 2021

### घनश्याम सिंह गुप्त कालेज में मना संविधान दिवस

बालोद। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जेके खलखो ने की। इस अवसर पर बालोद जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रशिक्षु न्यायाधीश कुनिका यादव एवं देवांगन तथा एडीपीओ विकास टंडन थे।
इस अवसर पर न्यायाधीश बीडी देवांगन तथा न्यायाधीश कोनिका यादव ने कानून के बारे जानकारी दी। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी टंडन ने छात्रों को अपना अनुभव बताया। वहीं, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राघवेश पांडे ने संविधान के उद्देश्यों के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधि विभाग द्वारा विभाग के छात्र हेमंत कुमार का सिविल जज में चयन होने पर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक दयाराम वैद्य, प्रोफेसर सीडी मानिकपुरी, प्रोफेसर एलके गव्हेल, प्रोफेसर दीपाली राव, जसराज नायक, प्रबंधन डोरे एवं समस्त अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे।

## Human Rights Celebration





हरिभूमि

रायपुर - इस्पात ग्रामीण

11 Dec 2021

### कॉलेज में मनाया गया मानव अधिकार दिवस

हरिभूमि न्यूज >> बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विधि विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जेके खलखो थे।
इस अवसर पर विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेश पांडे एवं विधि विभाग के अतिथि व्याख्याता पूरन चंद गुप्ता उपस्थित थे। विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ राघवेश पांडे ने कहा वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती कमजोर एवं पीड़ित लोगों के मानव अधिकारों की रक्षा करना है। हम सभी को संविधान में दिए गए अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए तथा अपने अधिकारों की रक्षा के साथ दूसरों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।
इस अवसर पर विधि विभाग के अतिथि व्याख्याता पूरनचंद गुप्ता ने संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार को विस्तृत रूप से बताया और कहा कि बहुत सारे मौलिक अधिकारों को भारतीय संविधान ने संरक्षण प्रदान किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।














पत्रिका

Share font-inc Image View Text

@बालोद

## विद्यार्थी बढ़ाएं अपना ज्ञान, सेवाभाव को करें विकसित

### विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस मनाया

**बालोद@पत्रिका.** लीड कॉलेज शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग ने विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस पर सभागार में कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि प्रभारी प्रचार्य डॉ. जेके खलखो एवं गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक सीडी मानिकपुरी, सहायक प्राध्यापक विधि स्वाति वैष्णव व डॉ. जेके पटेल उपस्थित थे।

प्रभारी प्रचार्य डॉ. खलखो ने कहा कि सभी विद्यार्थियों में सेवा भाव होना चाहिए। विधि विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेश पांडेय ने इस दिवस को संविधान के संबंधित अनुच्छेदों से समझाया। सहायक प्राध्यापक विधि स्वाति वैष्णव ने विद्यार्थियों को अपना ज्ञान बढ़ाने प्रेरित किया। इसके बिना वे समाज में विधिक जागरुकता या विधिक सहायता नहीं पहुंचा सकते।

डॉ. जेके पटेल ने भी विद्यार्थियों को समाज के निर्धन व असहाय व्यक्तियों के प्रति सहायता का भाव रखने प्रेरित किया। कार्यक्रम में एलएलएम के विद्यार्थियों पूनम, मनीष शर्मा और एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के छबिलाल बंजारे ने भी विचार रखे। संचालन ललिता यादव व प्रशांत पवार ने किया।

